No. of Printed Pages : 12 **BCOC-131**

# BACHELOR OF COMMERCE (GENERAL) (CBCS) (BCOMG)

## Term-End Examination

## December, 2023

## BCOC-131 : FINANCIAL ACCOUNTING

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Attempt any **five** questions. Each question carries 20 marks.*

1. (a) State the objectives and significance of setting Accounting Standards. 10

   (b) Explain the steps involved in the Accounting process. 10

2. What are the different categories in which accounting transactions can be classified ? Also explain the 'debit and credit rules' in this regard. 14+6

3. You are required to pass the necessary journal entries to rectify the following errors : 20

   (i) ₹ 200 withdrawn by the proprietor for his personal use has been debited to Trade Expenses Account.

(ii) ₹ 300 purchase of goods from Shyam has been wrongly entered through the sales book.

(iii) ₹ 100 credit sales to Ram has been wrongly passed through purchases book.

(iv) ₹ 150 received from Mittal have been credited to Jindal.

(v) ₹ 375 paid on account of salary to the cashier Raju stands debited to his personal account.

(vi) A builder's bill for extension of premises amounting to ₹ 2,750 has been debited to Building Repairs Account.

(vii) On 25th June, goods worth ₹ 500 were returned by Krishna and were taken into stock but the returns were entered is the books under date 3rd July i. e. after the expiry of the financial year on 30th June.

(viii) ₹ 200 bill for old office furniture sold to Leela were entered in the sales day books.

(ix) The periodical total of the sales book was cash short by ₹ 100.

(x) ₹ 80 received on account of interest was credited to Commission Account.

4. (a) What is the difference between 'Hire Purchase System' and 'Instalment Purchase System' ? 10

(b) Describe in detail the accounting procedures to be adopted with regard to Hire Purchase System. 10

5. (a) Explain clearly about your understanding in respect to the expression 'Branch Adjustment Account'. 10

(b) State the possible causes of difference between the balances shown by Head Office Account and Branch Account. 10

6. Following is the Trial Balance of Sh. Man Mohan. You are required to prepare Trading and Profit & Loss Account for the year ended 31st March, 2020 and Balance Sheet as at that date : 20

| | Dr. (₹) | Cr. (₹) |
|---|---|---|
| Purchases and Sales | 2,75,000 | 5,20,000 |
| Returns inwards | 15,000 | |
| Returns outwards | | 9,000 |

| | | |
|---|---|---|
| Carriages | 12,400 | |
| Wage and Salaries | 58,600 | |
| Trade Expenses | 2,200 | |
| Rent | | 13,000 |
| Insurance | 2,000 | |
| Audit Fees | 1,200 | |
| Debtors and Creditors | 1,10,000 | 62,100 |
| B/R and B/P | 3,300 | 2,200 |
| Printing and Advertising | 5,500 | |
| Commission | | 1,000 |
| Opening Stock | 36,000 | |
| Cash in hand | 12,800 | |
| Cash at Bank | 26,800 | |
| Bank Loan | | 20,000 |
| Interest on Loan | 1,500 | |
| Capital | | 2,50,000 |
| Drawings | 15,000 | |
| Fixed Assets | 3,00,000 | |
| | 8,77,300 | 8,77,300 |

*Adjustments* :

(i) Stock at the end ₹ 60,000.

(ii) Depreciate fixed assets by 10%.

(iii) Commission earned but not received amount to ₹ 400.

(iv) Rent received in advance ₹ 1,000.

(v) Allow 8% interest on capital and charge ₹ 900 as interest on drawings.

7. (a) What is loading ? How is it computed ? Give examples. 2+3+3

(b) What is 'Del-Credere Commission' ? Who pays this commission ? State the reasons for payment of this commission. 3+3+6

8. Ashok and Bharat formed joint venture contract for sharing profit and losses in 60% and 40% ratio respectively. Ashok purchased goods of ₹ 3,00,000 and dispatched to Bharat. Ashok paid ₹ 24,000 in this process. Bharat, after some time, reported the sales of ₹ 3,20,000 of these goods and remaining lying unsold. Later Ashok and Bharat decided to dispatch the goods on consignment basis to M/s. Chandan & Co., who agreed to sell goods on their behalf. Chandan will be paid all expenses plus 5%

commission. After some time, Chandan sent an Account sales along with cheque for ₹ 35,000 to Bharat (after deducting ₹ 5,000 expenses and commission). The unsold goods were returned to Bharat. Bharat purchased the goods for ₹ 20,000.

Bharat prepared a statement of account to Ashok and informed that he spent ₹ 14,500 on this joint venture. They agreed to settle their accounts. Prepare the necessary ledger accounts in the books of Ashok and Bharat showing the final settlement of accounts. 20

9. Write explanatory notes on the following : 10+10

(a) Computerised Accounting

(b) Creation of voucher and recording entries

# BCOC-131

## वाणिज्य स्नातक ( सी. बी. सी. एस. )

## ( बी. कॉम. जी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2023

## बी.सी.ओ.सी.-131 : वित्तीय लेखांकन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** *किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं।*

---

1. (क) लेखांकन मानक निर्धारण के उद्दश्य एवं महत्व बताइए। 10

   (ख) लेखांकन प्रक्रिया में शामिल चरणों का वर्णन कीजिए। 10

2. लेखांकन व्यवहारों को किन विभिन्न श्रेणियों में बाँटा जा सकता है ? इस सम्बन्ध में 'डेबिट तथा क्रेडिट नियमों' का भी वर्णन कीजिए। 14+6

3. आप निम्नलिखित अशुद्धियों के सुधार के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए : 20

(i) ₹ 200 स्वामी ने व्यक्तिगत प्रयोग के लिए निकाले जिसकी प्रविष्टि व्यापारिक व्यय खाते में कर दी गई।

(ii) श्याम से ₹ 300 का माल क्रय किया जो कि गलती से विक्रय बही में लिखा गया।

(iii) राम को ₹ 100 का माल उधार विक्रय किया गया किन्तु गलती से क्रय बही में लिख दिया गया।

(iv) ₹ 150 मित्तल से प्राप्त हुए किन्तु जिन्दल को क्रेडिट कर दिय गय।

(v) खजांची राजू को वेतन के ₹ 375 दिए गए किन्तु उसके व्यक्तिगत खाते में लिख दिए गए।

(vi) एक भवन निर्माता के भवन विस्तार क ₹ 2,750 की राशि के बिल को भवन मरम्मत खाते में डेबिट कर दिया गया।

(vii) 25 जून को कृष्णा द्वारा ₹ 500 के माल को स्टॉक में शामिल कर लिया गया किन्तु 30 जून को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष की समाप्ति पश्चात् 3 जुलाई को इसका लेखा किया गया।

(viii) ₹ 200 के कार्यालय के फर्नीचर को लीला को बेचा गया तथा इसकी प्रविष्टि विक्रय बही में कर दी गई।

(ix) सामयिक विक्रय बही का जोड़ ₹ 100 की रोकड़ से कम पाया गया।

(x) ₹ 80 ब्याज के प्राप्त किये किन्तु कमीशन खाते में क्रेडिट कर दिए गए।

4. (अ) 'किराया क्रय पद्धति' एवं 'किश्त भुगतान पद्धति' में क्या अन्तर है ? 10

(ब) किराया क्रय पद्धति को अपनाने के लिए लेखांकन विधि का विस्तार से वर्णन कीजिए। 10

5. (अ) 'शाखा समायोजन खाता' से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट वर्णन कीजिए। 10

(ब) मुख्य कार्यालय खाता एवं शाखा खाता में सम्भावित अन्तरों का वर्णन कीजिए। 10

6. श्री मनमोहन का तलपट नीचे दिया गया है। आप 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष का व्यापारिक एवं लाभ–हानि खाता और उसी दिन का चिट्ठा बनाइए : 20

| | डेबिट (₹) | क्रेडिट (₹) |
|---|---|---|
| क्रय एवं विक्रय | 2,75,000 | 5,20,000 |
| आन्तरिक वापसी | 15,000 | |
| बाह्य वापसी | | 9,000 |
| ढुलाई | 12,400 | |
| मजदूरी और वेतन | 58,600 | |
| व्यापारिक व्यय | 2,200 | |
| किराया | | 13,000 |
| बीमा | 2,000 | |
| अंकेक्षण फीस | 1,200 | |
| देनदार एवं लेनदार | 1,10,000 | 62,100 |
| प्राप्य बिल एवं देय बिल | 3,300 | 2,200 |
| छपाई और विज्ञापन | 5,500 | |
| कमीशन | | 1,000 |
| प्रारम्भिक रहतिया | 36,000 | |

| | | |
|---|---|---|
| हस्तस्थ रोकड़ | 12,800 | |
| बैंक में रोकड़ | 26,800 | |
| बैंक ऋण | | 20,000 |
| ऋण पर ब्याज | 1,500 | |
| पूँजी | | 2,50,000 |
| आहरण | 15,000 | |
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 3,00,000 | |
| | 8,77,300 | 8,77,300 |

**समायोजनाएँ :**

(i) वर्ष के अन्त में रहतिया ₹ 60,000।

(ii) स्थायी सम्पत्तियों पर 10% ह्रास लगाना है।

(iii) ₹ 400 कमीशन के उपार्जित किए गए किन्तु प्राप्त नहीं हुए।

(iv) किराए के ₹ 1,000 अग्रिम प्राप्त किए।

(v) पूँजी पर 8% ब्याज लगाइए और आहरण पर ₹ 900 ब्याज के लगाने हैं।

7. (अ) लोडिंग क्या है ? इसकी किस प्रकार गणना की जाती है ? उदाहरण दीजिए। 2+3+3

(ब) परिशोध कमीशन क्या है ? यह कमीशन कौन देता है ? इस कमीशन के भुगतान के कारण बताइए। 3+3+6

8. अशोक और भरत ने संयुक्त साहस का अनुबन्ध किया और आपस में लाभ-हानि के बाँटने का अनुपात 60% एवं 40% था। अशोक ने ₹ 3,00,000 का माल खरीदकर भरत को भेजा। इस प्रक्रिया में अशोक ने ₹ 24,000 दिए। कुछ समय के पश्चात् भरत ने ₹ 3,20,000 के माल की बिक्री दिखाई तथा बाकी बिना बिका माल स्टॉक में दिखाया। इसके पश्चात् अशोक और भरत ने मैसर्स चन्दन एंड कम्पनी को उनकी तरफ से माल बेचने के आधार पर भेजा तथा वह इस पर सहमत हो गया। चन्दन को इसके बदले सभी खर्चे तथा 5% कमीशन दिया जाएगा। कुछ समय के पश्चात् चन्दन के ₹ 35,000 के चक के साथ विक्रय खाता भेजा (₹ 5,000 खर्चे एवं कमीशन काटने के पश्चात्)। बिना बिका माल भरत को वपिस कर दिया जो कि भरत ने ₹ 20,000 में खरीदा।

भरत ने लेखा विवरण तैयार किया तथा अशोक को भेज दिया तथा सूचित किया कि ₹ 14,500 संयुक्त साहस पर व्यय आया है। दोनों अपने खाते तैयार करने के लिए सहमत हो गए। आप भरत एवं अशोक की पुस्तकों में अन्तिम खाते तैयार करते हुए मुख्य खाते बनाइए। 20

9. निम्नलिखित पर विस्तार से टिप्पणियाँ लिखिए : 10+10

(अ) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन

(ब) वाउचर निर्माण एवं प्रविष्टि करना